हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 3 जून 2024
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट





# खंडहर में तब्दील हुआ शहर जेई कार्यालय भवन, मंडरा रहा खतरा

दीवारों से लेकर फर्श तक में दरारें, उखड़ने लगा स्लैब का प्लास्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिला मुख्यालय स्थित बेमेतरा शहर व ग्रामीण के विद्युत कनिष्क यंत्रियों का कार्यालय इन दिनों जर्जर होकर खण्डहर में बदलता जा रहा है। इसमें दफ्तर की दीवार से लेकर फर्श तक में बड़ी-बड़ी दरारें नज़र आने लगी हैं। वहीं, छज्जे का स्लैब उखड़कर गिरने लगा है। इसके बावजूद इन कार्यालयों में अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा सुरक्षा को ताक पर रखकर बिजली विभाग से जुड़े कार्य लगातार किये जा रहे हैं, जो कि बड़ा ही आश्चर्यजनक है। बेमेतरा शहर में विद्युत विभाग के सिटी व ग्रामीण जेई दफ्तर सुरक्षा मापदण्डों पर खरा नहीं उतर पा रहा है। शहर जेई दफ्तर की स्थिति काफी जर्जर है और दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। वहीं, ग्रामीण व रांका



जेई एवं बेमेतरा एई का संयुक्त कार्यालय भी काफी पुराना होने के साथ जर्जर है। साथ ही यह शासकीय कार्यालय अन्य विभागीय कार्याललों की तुलना में काफी छोटा है, जिसके कारण अफसरों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। चूँकि बेमेतरा ज़िला मुख्यालय स्थित शहर का कार्यालय होने के कारण दफ्तर की यह दुर्दशा प्रशासन की फजीहत भी करा रहा है। बता दें कि बेमेतरा नगर पालिका क्षेत्र में विभिन्न विभागों के शानदार नए भवन व ऑफिस तैयार हैं, जबकि बिजली विभाग के कर्मचारी बदहाल भवन में काम करने को मजबूर हैं। विद्युत विभाग द्वारा पूरे शहर व ग्रामीण अंचल में बिजली सप्लाई की जिम्मेदारी की जाती है। ऐसे में उन्हीं के यहां ऐसी स्थिति को लोग दिया तले अंधेरा की संज्ञा देकर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं।

### उच्च कार्यालय को दी गई जानकारी

बेमेतरा शहर के जेई शिवांजल शर्मा ने बताया कि उनका कार्यालय काफी पुराना होने के कारण क्षतिग्रस्त हो चुका है। यहां बरसात के सीजन में खतरा काफी बढ़ जाता है। इस समस्या के संबंध में उच्च प्रशासन को अवगत करा दिया गया है।

### छत्तीसगढ़ सिविल सर्विस पर निर्भर है समाधान

वहीं, बेमेतरा विद्युत सम्भाग के कार्यपालन यंत्री जेएस भटनागर ने कहा कि यह समस्या गम्भीर है। बाकी इसके लिए प्रदेशस्तर पर भवन निर्माण के लिए बजट आवंटन होता है। इस समस्या का हल छत्तीसगढ़ सिविल सर्विस पर निर्भर करता है।

## खबर संक्षेप

### केक लेने गए वृद्ध की लाश झांड़ियों में मिली

**भिलाई।** नातिन का जन्म दिन पर केक लेने गए नाना की झाडियों में लाश मिली। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि पावर हाउस नंदिनी रोड निवासी जय सिंह शुक्रवार उनकी नातिन का जन्म दिन था। नातिन के लिए बर्थडे केक लाने के लिए जय सिंह घर से निकले थे। जयसिंह की तबियत खराब होने के बाद भी केक लेने निकले थे। घर से सुबह 11 बजे निकले जय सिंह शाम तक अपने घर नहीं पहुचे। शुक्रवार को उनकी लाश खुर्सीपार गेट के पास झाड़ियों में मिली।

### साफ्टवेयर इंजीनियर के साथ धोखाधड़ी

**भिलाई।** साफ्टवेयर इंजीनियर से आर्मी अफसर बनकर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। पदमनाभपु पुलिस ने बताया कि कसारीडीह दुर्ग निवासी गायत्री वर्मा पेसे से साफ्टवेयर इंजीनियर है। अज्ञात मोबाइल धारक ने खुद को आर्मी आफिसर बताकर ओएलएक्स के माध्यम से मकान को किराए के नाम पर पीड़िता से 65 हजार 995 की ठगी किया है। अज्ञात मोबाइल धारक ने पीड़िता का गणपति विहार बोरसी में फ्लैट है। जिसे किराए से देने के लिए ओएलएक्स में डाली थी। 30 मई को पति के मोबाईल पर अज्ञात मोबाइल धारक का वाटसअप कल आया था। काल को पीड़िता ने रिसीव किया गया था। उसने अपना नाम आशीष पहारी आर्मी ऑफिसर बताया था। मकान को किराए मांगकर एडवांस रकम पीड़िता के खाते में ट्रांसफर करने का झांसा देकर खाते का डिटेल पहले मांगा। अज्ञात ने पहले खाते में 50 रुपए कंफर्म करने के लिए खाते में ट्रांसफर किया था। अज्ञात मोबाइल धारक के बातों में आकर पीड़िता ने अपने युपीआई गुगल से 32 हजार 995. 33 हजार रुपए ऑनलाईन आरोपी के खाते में ट्रांसफर किया। इसके बाद पीड़िता ने आरोपी को ट्रांसफर हुए रकम को लौटाने की बात कहती रही लेकिन रुपए आरोपी ने नहीं लौटाया है। गौरतलब हो कि इस्पात नगरी में ठगी के वारदात लगातार बढ़ रही है। जिसे रोकने में साइबर क्राइम भी फेल हो चुकी है।

कार्रवाई : कार्रवाई की मांग को लेकर लोगों ने रातभर किया प्रदर्शन

# कपड़ा मॉल में महिला कर्मचारी से मारपीट, दो आरोपी गिरफ्तार, कंपनी ने नौकरी से निकाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

शहर के दुर्ग मार्ग स्थित एक कपड़ा मॉल में महिला कर्मचारी से मारपीट व अश्लील हरकत के मामले में पुलिस ने फरार दूसरे आरोपी संतोष जैन पिता कवर लाल जैन महावीर नगर दुर्ग को भी रविवार गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इससे पहले शनिवार मैनेजर रवि अग्रवाल के खिलाफ धारा 354, 294, 506, 323 के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय ने पेश किया, जहां से उसे पहले ही जेल भेज दिया गया था।

उल्लेखनीय है कि घटना सामने आने के बाद दोनों आरोपियों पर कार्रवाई नहीं होता देख रात भर लोगों ने थाना में प्रदर्शन किया, जो सुबह तक जारी रहा। इस बीच भाजपा और कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी पहुंचे। यहां पीड़िता का धारा 164 के तहत बयान दर्ज किया गया है। वहीं, आरोपी रवि अग्रवाल 28 साल निवासी केसिंगा थाना केसिंगा जिला कालाहांडी (उडीसा) व संतोष जैन पिता कवर लाल जैन को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद मामला शांत हुआ।

## पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में किया पेश, दोनों जेल दाखिल

### बाल पकड़कर खींचते हुए दिख रहा है आरोपी

सीसीटीवी फुटेज खंगालने कोतवाली पुलिस के जवान कपड़ा माल पहुंचे। जहां एसडीओपी मनोज तिर्की, थाना प्रभारी देवेंद्र वर्मा आदि मौजूद थे। पुलिस एवं आम जनों के अनुसार सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है, कि पीड़िता को बाल से खींचकर किचन ले जाया गया और किचन में बंद कर प्रार्थियों के साथ मारपीट व अश्लील हरकत की गई। इसलिए आरोपी पर कड़ी कार्रवाई की मांग की जा रही है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा आरोपी पर कार्रवाई की मांग को लेकर सुबह थाना पहुंचे थे, जहां उन्होंने थाना प्रभारी से मामले में न्याय संगत कार्रवाई की मांग की है।



### कंपनी ने नौकरी से निकाला

महिला कर्मचारी से मारपीट और दुर्व्यवहार की किए जाने की घटना की जानकारी मिलते ही कंपनी के प्रबंधन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मैनेजर रवि अग्रवाल व उसके सहयोगी संतोष जैन को तत्काल पद से हटाने के साथ-साथ नौकरी से भी निकाल दिया है। नौकरी से निकले जाने की जानकारी कंपनी ने थाने में दी। उसके बाद एसडीओपी श्री तिर्की ने पत्रकारों को कंपनी द्वारा उठाए गए इस कदम की जानकारी दी।

### कार्रवाई में ये पुलिस अधिकारी रहे शामिल

इस कार्रवाई में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, महिला उप निरीक्षक शैल शर्मा, प्रधान आरक्षक नोहर यादव, हेमंत साहू, आरक्षक शिवकुमार सेन, खेमलाल निषाद, मालिकराम सिन्हा एवं अन्य थाना स्टाफ शामिल रहे।

### काम पूरा नहीं होने का हवाला देकर मैनेजर ने की मारपीट

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि कपड़ा मॉल में करीब 4 साल से सेल्समेन का काम करती हूं। 31 मई को काम पर आई थी। रात्रि करीबन 8:40 बजे अपना काम करके घर जाने के लिए चेकिंग कराने कपड़ा मॉल में थी। उसी समय मैनेजर रवि अग्रवाल आया और बोला कि तुमने कपड़ा फोल्डिंग का काम नहीं किया है और घर जा रही हो। मैंने अपना काम पूरा होने की बात मैनेजर से कही। लेकिन वे नहीं माने। और गंदी-गंदी गालियां देते हुए दुकान के किचन में हाथ मुक्का से गर्दन एवं बाया हाथ में मारपीट करने के साथ जान से मारने की धमकी दी। मारपीट करने से बाएं हाथ, गर्दन व दाहिनी गाल पर चोट आई है। पीड़िता ने बताया कि मैनेजर रवि अग्रवाल डेढ़ साल से परेशान कर रहा था।

# बेरला कला में एनीकट मार्ग जर्जर ग्रामीणों ने की मरम्मत की मांग



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा/बेरला

बेरला विकासखण्ड एवं भिम्भौरी तहसील क्षेत्र की अंतिम सीमा पर स्थित ग्राम बेरलाकला में मुरुम, मिट्टी व रेत के अवैध खनन माफियाओं एवं परिवहनकर्ताओं का इन दिनों जबरदस्त आतंक बना हुआ है। इससे गाँव की मुख्य सड़क के साथ ही अन्य कई मार्गों पर भारी व ओवरलोड वाहनों के लगातार आवागमन से सड़क की दुर्दशा हो गयी है। ताज़ा हाल में बेरलाकला में खारुन नदी पर एनिकट की सड़क एवं उसको जोड़ने वाले एप्रोच रोड का हाल बेहाल है। मार्ग पर पर से बजरी व गिट्टी की सीमेंटीकृत सड़क गायब है। सिर्फ मुरम व मिट्टी की परतों पर ही लगातार वाहनों की आवाजाही बनी हुई है। इससे सड़क मार्ग के स्थानीय व अन्तर्ज़िला राहगीरों के लिए बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। वैसे तो बेरला कला गाँव खारुन नदी के तट पर बसे होने के कारण यहां से नदी के उस पार राजधानी रायपुर व दुर्ग ज़िला क्षेत्र के दर्जनों गाँव मे पहुंचना आसान है। यह रायपुर के बाना, नंदनवन, कुम्हारी, सरोना, बिरगांव इत्यादि क्षेत्र के लिए बहुत ही सरल मार्ग है। इससे राहगीर शॉर्टकट के चक्कर में एनिकट के सहारे दूसरे ज़िले में एंट्री कर लेते हैं, किंतु वर्तमान में खारुन नदी पर बने एनिकट व उसके एप्रोच रोड की हालत बहुत खराब है। इससे सीमावर्ती गाँवों के ग्रामीणों द्वारा सम्बन्धित तांदुला जल संसाधन दुर्ग द्वारा क्षेत्र में जर्जर सड़क के पुनर्निर्माण व मरम्मत की मांग की जा रही है। साथ ही एनिकट पर दोनों ओर बड़े वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी के लिए सूचना बोर्ड व बेरिकेड्स लगाने की भी मांग की जा रही है।

- खनन माफियाओं के ओवरलोड वाहन से स्थिति खराब होने का लगाया आरोप

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने किया मतगणना केंद्र का अवलोकन

कलेक्टर शर्मा ने मतगणना की प्रक्रियाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतगणना की तैयारियों का अवलोकन करने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मतगणना केंद्र पहुंचे। कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने इस मौके पर उन्हें मतगणना की प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। विभिन्न राजनीतिक दलों की ओर से प्रतिनिधि बंशी पटेल, मनोज शर्मा, लुकेश वर्मा, जोगेंद्र छाबड़ा, सुनील नामदेव, शत्रुघन साहू, जिला महामंत्री ललित विश्वकर्मा, मोंटी साहू, ओमप्रकाश जोशी, तुषार साहू, राजेंद्र शर्मा, परमेश्वर वर्मा, कमलेश



वर्मा और निर्दलीय प्रत्याशी भानु प्रताप चतुर्वेदी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि मतगणना की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मतगणना केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठाए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि मतगणना की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो, इसके लिए आयोग द्वारा विशेष पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने दलों के प्रतिनिधियों को प्रवेश द्वारा से आने-जाने और पार्किंग व्यवस्था की जानकारी दी। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया और व्यवस्था की प्रशंसा की। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था और पारदर्शिता को देखते हुए संतोष व्यक्त किया। कलेक्टर ने बताया कि मतगणना प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए प्रशिक्षित कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है और सभी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

मतगणना के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोकने के लिए केंद्र में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। कलेक्टर ने सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील की और निष्पक्ष चुनाव की प्रतिबद्धता दोहराई।

## छाया, पानी और भोजन की तलाश में भटक रहे वानर...



**बेमेतरा/बेरला।** नौतपा की भीषण गर्मी से क्षेत्र के लोगों का बुरा हाल है। वहीं, जानवर भी परेशान नज़र आ रहे हैं। भीषण गर्मी और भारी तापमान तथा लू जैसी स्थिति के बीच छाया, पानी व भोजन की तलाश में वानरों का दल भटकता हुआ दिखाई दे रहा है। बंदर गांव स्थित बस्तियों में बोर या हैंडपंप के आसपास पानी के लिए पहुंच रहे हैं। पानी की पतली धार या बूंद से ही अपना काम चलाने को विवश हैं।

### ऑटो की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**भिलाई।** आटो की चपेट में आने से बाइक सवार युवकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि सोन डोंगरी रायपुर निवासी सूर्यकांत शनिवार सुबह अपनी बाइक से काम से जा रहा था। इस दौरान कुम्हारी ओवर ब्रिज अपेक्स अस्पताल पास पहुंचा ही था। इस दौरान ऑटो की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कर शव को सुपेला मरचुरी भेज दिया गया।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

एसडीओपी ने ली पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक, दिए दिशा निर्देश

# पेट्रोल पंप में अनिवार्य रूप से लगाएं सीसीटीवी कैमरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

एसडीओपी मनोज तिर्की ने वर्तमान में घटित विभिन्न घटनाओं एवं सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सिटी कोतवाली में पेट्रोल पंप एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने पेट्रोल पंप में सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य रूप से लगाने को कहा। कैमरे के माध्यम से सड़क को कव्हर करने पर जोर दिया। इसके साथ ही फायर सिस्टम के अलावा बाल्टी में रेत भरकर रखने तथा पेट्रोल पंप पर आने वाले आम नागरिकों के लिए पीने के लिए पानी व अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा।

इस दौरान बैठक में शामिल सिटी कोतवाली प्रभारी ने कहा कि सामान्यतः देखा जाता है कि पेट्रोल पंप के बाहर रोड किनारे



वाहनों को पार्क कर देते हैं, जिससे सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उन्होंने कहा कि वाहनों को सड़क पर पार्क करने न दें। इसके साथ ही संचालकों को कहा गया कि सभी पेट्रोल पंप में पुलिस कंट्रोल रूम का नंबर 9479192013 प्रदर्शित करें, ताकि किसी प्रकार कि घटना घटित होने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे सकें।

### प्रतिबंधित गतिविधियों की सूची प्रदर्शित करें

प्रशिक्षु डीएसपी बृजकिशोर यादव ने कहा कि पंट्रोल पंप में प्रतिबंधित कार्य जैसे सिगरेट न पिएं, मोबाईल पर बात करना मना है, पेट्रोल भराते समय इंजन बंद रखना है। इस तरह के निर्देशों की सूची पेट्रोल पंप में लगाएं। यदि कोई व्यक्ति संदिग्ध लगे, तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को देने एवं पुलिस का यथा संभव सहयोग करने एवं अन्य महत्वपूर्ण बातों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उक्त बातों पर पेट्रोल पंप एसोसियेशन के पदाधिकारियों अपनी सहमति व्यक्त की। बैठक में पेट्रोल पंप एसोसियेशन के पदाधिकारी अखिलेश शर्मा, टिकेन्द्र वर्मा, अंश सुराना व अन्य उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### उपभोक्ताओं पर महंगी बिजली का बोझ डाल रही सरकार

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, राज्य सरकार के प्रस्ताव पर विद्युत नियामक आयोग ने विद्युत दरों में बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है, यह अनुचित है। साय सरकार नागरिकों को हर तरफ से परेशान करने की नीयत से काम कर रही है। बिजली के दाम बढ़ने से घरेलू के साथ-साथ उद्योगों और व्यावसायिक उपभोक्ताओं को महंगी बिजली खरीदने को मजबूर होना पड़ेगा। भाजपा की नीयत कमीशनखोरी करना है, उसे आम आदमी की सहूलियतों से कुछ लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा, पिछले पांच माह में विद्युत सरप्लस वाला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है।

### 'लू' से ट्रैफिक जवान की मौत शहीद का दर्जा देने की मांग

**रायपुर।** लू की चपेट में आकर राजधानी के एक ट्रैफिक आरक्षक जवान भागीरथी कंवर की जान चली गई, जिस पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने शासन से मृतक ट्रैफिक जवान को शहीद का दर्जा देने, आश्रित परिजनों को एक करोड़ रुपए मुआवजा और शासकीय नौकरी देने देने की मांग की है। उन्होंने कहा, जानकारी के मुताबिक ट्रैफिक आरक्षक जवान भागीरथी कंवर की मृत्यु ड्यूटी के दौरान हुई है।

### कांग्रेस नेता और प्रवक्ता डिबेट में शामिल होंगे

**रायपुर।** इंडिया गठबंधन के फैसले के अनुरूप कांग्रेस के प्रवक्ता एग्जिट पोल के डिबेट में शामिल होंगे। 24 घंटे में कांग्रेस ने अपना फैसला बदला है। कल कांग्रेस ने एग्जिट पोल के डिबेट में शामिल न होने का फैसला लिया था। अब इंडिया गठबंधन के अन्य दलों के द्वारा एग्जिट पोल के डिबेट में शामिल होने के फैसले के बाद कांग्रेस भी अपने प्रवक्ताओं को इसमें भाग लेने की अनुमति दे दी है। एआईसीसी मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोशल मीडिया एक्स में पोस्ट किया कि इंडिया गठबंधन ने यह निर्णय लिया है कि एग्जिट पोल संबंधित भाजपा और उसके तंत्र को बेनकाब करना आवश्यक है। एग्जिट पोल के डिबेट में भाग लेने के पक्ष और विपक्ष पर चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया कि इंडिया गठबंधन डिबेट में भाग लेगा।

### जामुल पालिका में चला स्वच्छता पखवाड़ा

**भिलाई।** नगर पालिका परिषद जामुल क्षेत्रांतर्गत कलेक्टर के निर्देशानुसार स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन वार्ड-18 बूढ़ादेव तालाब (नया तालाब) एवं शिवपुरी गार्डन को निकाय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी, स्वच्छता दीदी, स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा साफ-सफाई कर श्रम दान किया गया। जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी अंकुर पाण्डेय, उपअभियंता विनोद कनोजिया, कृष्ण नारायण ताम्रकार, राजस्व निरीक्षक हरीश साहू, लेखापाल हेमंत वर्मा व निकाय के कर्मचारी पुनीत वर्मा, रामू देवांगन, पुरूषोत्तम सोनी, मेघनाथ सोनी, आशा जंघेल, नीलकंठ वर्मा, हिम्मत मंडावी, मोहन वर्मा, हर्षा मेहरा, सीमा गुप्ता, पीआईयू गौरव केशरवानी, मिशन मैनेजर शरद सिंह आदि उपस्थित थे।

# रविवि ने कहा-बैटरी बैकअप के साथ पहुंचें, मोबाइल बंद हुआ तो छात्र जिम्मेदार, एप्पल फोन बैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- इस बार भी ऑनलाइन मोड में प्रवेश परीक्षाएं
- परीक्षा में ला सकेंगे केवल एंड्रायड फोन, टैबलेट या लैपटॉप

पं. रविशंकर शुक्ल विवि अध्ययनशाला में संचालित पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षाओं की शुरुआत शनिवार को सीबीएस अर्थात सेंटर फॉर बेसिक साइंस के साथ हो गई है।

रविवि द्वारा संचालित इस इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षाओं में सर्वाधिक छात्र शामिल होते हैं। यही वजह है कि विश्वविद्यालय द्वारा सबसे पहले इसी विषय की परीक्षाएं ली जाती हैं।

## सीबीएस की 60 सीटों के लिए 1227 ने दी परीक्षा, शेष के लिए एंट्रेंस टेस्ट 19 से

### रविवि देगा वाई-फाई

प्रवेश परीक्षाएं प्रारंभ होते ही रविवि द्वारा को एक लिंक देगा। इसमें क्लिक करने के बाद छात्रों के सम्मुख प्रश्नपत्र प्रदर्शित होगा। इसमें छात्रों को सही विकल्प पर क्लिक करना होगा। परीक्षा केंद्र में जैमर लगाया जाएगा, ताकि छात्र एग्जाम के लिए दिए गए लिंक के अलावा गूगल अथवा किसी अन्य माध्यम को खोलकर उत्तर ना ढूंढ सकें। परीक्षा दो पालियों में होगी। छात्रों को एक घंटे पहले सेंटर पहुंचना होगा। रविवि द्वारा छात्रों को वाई-फाई की सुविधा दी जाएगी। विद्यार्थी चाहें तो इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। परीक्षा हिंदी और इंग्लिश में होगी।



### माइनस मार्किंग नहीं

रविवि द्वारा स्पष्ट किया गया है कि परीक्षा में माइनस मार्किंग नहीं होगी। यह व्यवस्था पहले से ही है। इसे नए सत्र के लिए भी बरकरार रखा गया है। सभी विषयों की प्रवेश परीक्षा में 50-50 सवाल पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न एक नंबर का होगा। इस तरह से प्रवेश परीक्षा 50 अंकों की होगी। प्रवेश परीक्षाओं के परिणाम विभागवार जारी किए जाएंगे। इसमें प्राप्त अंकों के आधार पर छात्रों को विवि अध्ययनशाला में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश मिलेगा। इसके लिए छात्रों को एक घंटे का समय मिलेगा।

मात्र 60 सीटों के लिए 1227 छात्रों ने परीक्षाएं दिलाई हैं। सीबीएस के अतिरिक्त अन्य सभी पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षाएं 19 जून से प्रारंभ हो रही हैं। ये प्रवेश परीक्षाएं ऑनलाइन मोड में हो रही हैं। रविवि ने स्पष्ट किया है कि छात्रों को अपने साथ मोबाइल, टैबलेट अथवा लैपटॉप लेकर आना होगा।

छात्रों को एंड्रायड सिस्टम वाले मॉडल लाने ही कहा गया है। एप्पल फोन छात्र नहीं ला सकेंगे। क्योंकि यह सिस्टम को सपोर्ट नहीं करेगा। छात्रों को अपने इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पूर्ण रूप से चार्ज करके लाने कहा गया है। इसके अलावा बैटरी बैकअप भी रखने कहा गया है। छात्रों की डिवाइस में दिक्कत होने पर पूरी जिम्मेदारी उनकी ही होगी।

## महीनेभर पहले भेजा पत्र, एक भी जगह से रिस्पांस नहीं

# शहर में पौधारोपण के लिए जगह का टोटा वार्ड पार्षदों से मांगे सुझाव, पौधों की डिमांड भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- अबकि बार बीएसयूपी आवासीय परिसर पर रहेगा फोकस
- लभांडी इलाके में लगाये गये 10 हजार पौधे सुरक्षित

रायपुर शहर में पौधारोपण के लिए नगर निगम को खाली जगह नहीं मिल रही। कंक्रीट के जंगल में तब्दील शहर के 70 वार्डों में वार्ड पार्षदों से उद्यानिकी विभाग ने पौधारोपण के लिए जगह सुझाने महीनेभर पहले पत्र भेजकर पौधों की डिमांड मांगी, पर 70 वार्ड में से एक भी वार्ड से अब तक पौधों की डिमांड आई और न ही वार्ड पार्षदों ने अपने वार्ड में पौधा लगाने के लिए खाली जगह बताई। अब निगम मुख्यालय शहर के बीएसयूपी आवासीय कालोनी में पौधारोपण करने की तैयारी में है। वहीं लभांडी इलाके में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित आदर्श संकल्प सोसाइटी फेज 2 में नगर निगम द्वारा गत वर्ष लगवाए गए अलग-अलग प्रजाति के 10 हजार पौधे सुरक्षित हालत में हैं।




बारिश से पहले शहर में पौधारोपण के लिए नगर निगम के पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग ने नगर निगम के 70 वार्डों के पार्षदों के पास पत्र भेजकर उनके वार्ड में पौधा लगाने खाली जगह की जानकारी मांगी है। साथ ही किन-किन प्रजातियों के पौधा का रोपण करना चाहते हैं, उन पौधों की संख्या संबंधी सुझाव मांगा है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि महीनाभर पहले निगम मुख्यालय से नगर निगम के दस जोन के 70 वार्डों में पौधारोपण के लिए सुझाव लेने पार्षदों के पास पत्र भेजा गया है, पर अभी तक एक भी वार्ड से बारिश पूर्व पौधारोपण के लिए खाली जगह के सुझाव नहीं आये। विदित हो कि नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर में पौधारोपण के लिए सार्वजनिक स्थानों, तालाब, स्कूल परिसर, सामुदायिक भवन सहित वार्ड में खाली जगह की जानकारी वार्ड पार्षद के माध्यम से मंगाई जाती है। पौधों की डिमांड आने पर वन विभाग से इसके लिए अलग-अलग प्रजाति के पौधारोपण करने डिमांड भेजा जाता है। जून की शुरुआत होने के साथ ही शहर में पौधारोपण के लिए खाली जगह तलाशी जा रही है।

### जगह का टोटा बीएसयूपी आवासीय परिसर में फोकस

नगर निगम के अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा का कहना है, शहर में पौधा लगाने के लिए जगह की कमी है। इस बात को ध्यान में रखकर इस बार शहर के बीएसयूपी आवासीय परिसर की खाली जमीन पर वृहद पैमाने में पौधारोपण करने की योजना है। इसके लिए जोनवार जानकारी मंगाई जा रही है।

### औद्योगिक समूहों से कराएंगे पौधारोपण

नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने हाल ही में राजधानी में एक्सप्रेस वे तेलीबांधा, शंकर नगर, देवेन्द्र नगर, पंडरी क्षेत्र का निरीक्षण हीरा ग्रुप के एमडी दिनेश अग्रवाल के साथ किया। आयुक्त ने एक्सप्रेस वे में पौधा रोपण सहित अन्य कार्य प्रारंभ कराने निर्देश दिये। सीएसआर मद से यह कार्य कराया जायेगा।

# आंबेडकर के पुराने भवन में कूलर-पंखे बेअसर, नई बिल्डिंग में होगा सेंट्रलाइज कूलिंग सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

45 डिग्री से अधिक के तापमान में आंबेडकर अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में इलाज के लिए भर्ती मरीज उबल रहे हैं। वहां राहत के लिए लगाए गए कूलर-पंखे भारी गर्मी में बेअसर हो चुके हैं। गर्मी को ध्यान में रखते हुए अस्पताल के नए सात मंजिला भवन में सेंट्रलाइज कूलिंग सिस्टम का प्रावधान किया गया है। आचार संहिता खत्म होने के बाद इस योजना पर काम रफ्तार पकड़ने के आसार हैं। आंबेडकर अस्पताल में सात मंजिला नए भवन को बजट में स्वीकृति दी गई थी। काम शुरू करने के लिए चिकित्सा शिक्षा संचालनालय के माध्यम से वित्त विभाग को राशि स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भी प्रेषित किया जा चुका है, जिस पर अंतिम फैसला हो चुका है। सूत्रों के मुताबिक आचार संहिता समाप्त होने के बाद भवन निर्माण की योजना पर काम शुरू किए जाने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार नए भवन में मरीजों की सुविधा का ध्यान रखते हुए सेंट्रलाइज कूलिंग सिस्टम का प्रावधान किया गया है। गर्मी के मौसम में हर साल पुराने भवन में संचालित वार्डों में भर्ती मरीजों को हलाकान होना पड़ता है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा उन्हें राहत देने के लिए बड़ी संख्या में कूलर और पंखे लगाए गए हैं, मगर इस बार की गर्मी ने उन्हें पूरी तरह बेअसर कर दिया है और मरीजों की परेशानी बढ़ी हुई है। वार्ड के बाहर तो मरीज के परिजन जैसे-तैसे अपना वक्त काट लेते हैं, मगर भीतर मरीजों को हालत बदतर हो जाती है। गर्मी के दिनों में होने वाले इस कटु अनुभवों को ध्यान में रखते हुए नए भवन को सीसीएस से लैस करने की योजना है।



### पुराने भवन में जगह का अभाव

गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए आंबेडकर अस्पताल के पुराने भवन में डीके अस्पताल की तरह सेंट्रलाइज कूलिंग सिस्टम लगाने की योजना बनाई गई थी। योजना को स्वीकृति मिल चुकी थी, मगर भवन में इसे स्थापित करने के लिए सही जगह नहीं होने की वजह से योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। इसका खामियाजा हर साल कूलर की संख्या बढ़ाने के रूप में भुगतना पड़ता है। वर्तमान में आंबेडकर अस्पताल के मरीजों, चिकित्सकों और अन्य स्टाफ को चार सौ कूलरों की मदद से गर्मी में राहत देने का प्रयास किया जाता है।

### पहली किस्त में 85 करोड़

आंबेडकर अस्पताल में उपचार की क्षमता और संसाधन बढ़ाने के लिए 322 करोड़ के खर्च से सात मंजिला और सात सौ बिस्तर की क्षमता वाले भवन का निर्माण किया गया है। इस भवन में आईसीयू, ऑपरेशन थियेटर सहित अन्य सुविधा भी दी जाएगी। योजना को पूरा करने के लिए पहली किस्त में 85 करोड़ रुपए स्वीकृत किए जाने की चर्चा है। इस भवन का निर्माण किए जाने के लिए जगह का चिन्हाकंन भी किया जा चुका है।

# सीएम साय बोले-जीतेंगे छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

देश में शनिवार को लोकसभा चुनाव का अंतिम चरण का मतदान भी हो गया। इसके बाद देर शाम तक एग्जिट पोल के नतीजे भी सामने आ गए हैं। कुल सात चरणों में हुए चुनावों में देश की 542 लोकसभा सीटों पर वोट डाले गए हैं। इसके नतीजे 4 जून को आएंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटें भाजपा जीत रही है। सीएम साय ने फिर एक बार मोदी सरकार बनने का दावा किया है। सीएम साय 400 पार के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरी तरह से आश्वस्त हैं। श्री साय ने कहा, मुख्यमंत्री होने के नाते मेरा छत्तीसगढ़ के अलावा और दूसरे प्रदेशों में जाना हुआ है। मैं ओडिशा, झारखंड, मध्यप्रदेश भी गया। सभी जगह भाजपा के पक्ष में बहुत अच्छा वातावरण है। सभी लोग तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं। मेरा पूरा विश्वास है कि छत्तीसगढ़ में हम लोग सभी 11 सीटें भारतीय जनता पार्टी को जीताकर दे रहे हैं।



## किरण देव बोले- अबकी बार 400 पार का नारा सही साबित होगा



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने मतदान के बाद (एक्जिट पोल) के सामने आए अनुमानों को भाजपा के लिए उत्साहजनक बताते हुए कहा कि ये अनुमान इस बात के प्रमाण हैं कि भाजपा ने भारत और विशेषकर छत्तीसगढ़ की जनता जनार्दन के निर्णय को धरातल पर रहकर सटीक आंकलन किया है। भाजपा अपने लक्ष्य अबकि बार 400 पार को हासिल करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार भाजपानीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की एक सशक्त सरकार के साथ सत्ता में लौटेगी। श्री देव ने कहा कि एक्जिट पोल के ये आंकड़े इस बात की तस्दीक भी कर रहे हैं कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र की सरकार ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के अपने उद्घोष में निहित सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प के साथ काम किया है और इसलिए एंटी इन्कम्बेंसी जैसे मिथक को प्रो-इन्कम्बेंसी में तब्दील होते देखना भारतीय राजनीति में एक सुखद संकेत है। श्री देव ने कहा, एक्जिट पोल के अनुमानों से परे जाकर भाजपा-एनडीए को ऐतिहासिक बहुमत के साथ जनता जनार्दन सत्ता सौंप रही है, इसमें कोई संदेह नहीं है। इससे पहले पिछले दो लोकसभा चुनावों में भी भाजपा-एनडीए के लिए एक्जिट पोल के जो आंकड़े सामने दर्शाए गए थे, भाजपा ने उन अनुमानों से परे जाकर न केवल 2014 में अकेले 282 सीटों पर जीत हासिल की थी, अपितु 2019 के चुनाव में एक्जिट पोल के आंकड़े को झुठलाकर 303 सीटों पर जीत दर्ज की थी। उन दोनों चुनावों में एनडीए को क्रमशः 336 और 353 सीटें मिली थीं। 2023 के विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ के एक्जिट पोल के आंकड़ों के विपरीत भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी।

# गर्मी में सुरक्षित ट्रेन परिचालन के लिए जोन को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- रेलवे बोर्ड अध्यक्ष ने सभी महाप्रबंधकों को लिखा पत्र, गर्मी में सावधानी बरतने पर दिया जोर

देश में अत्यधिक गर्मी के बीच ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन के लिए रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा ने सभी रेलवे जोन को पत्र लिखकर सावधानी बरतने की सलाह दी है। रेलवे का पत्र जोन में पहुंचने के बाद अफसरों के बीच बैठकों का दौर शुरू हो गया है। अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान में देश में अत्यधिक गर्म और चरम मौसम की स्थिति है। इस अवधि में सुरक्षित ट्रेन परिचालन के लिए सभी आवश्यक सावधानी बरती जा रही है और इस समय यह आवश्यक है कि सभी संपत्तियों का रखरखाव उच्चतम मानक का हो और इसमें कोई ढिलाई नहीं बरती जाए।

### डीआरएम को निरीक्षण करने का निर्देश

पत्र में महाप्रबंधकों से सुनिश्चित करने को कहा कि सभी मंडल रेलवे प्रबंधक, डीआरएम एक माह तक अपने मंडल के यार्ड समेत सभी खंडों का निरीक्षण करें। उन्होंने सलाह दी कि प्रमुख विभागाध्यक्षों और विभागाध्यक्षों को अपने संबंधित क्षेत्र में सभी जरूरी पहलुओं को कवर करते हुए विस्तृत निरीक्षण करना चाहिए। यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सभी सुरक्षा श्रेणी के कर्मचारियों से संपर्क किया जाए और सलाह दी जाए और जांच के दौरान मिलीं खामियों-कमियों पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने सभी महाप्रबंधकों से सुरक्षा के लिए की गई कार्यवाही की अनुपालन रिपोर्ट मुख्य कार्यकारी निदेशक को भेजने को कहा है।

# गर्भवती महिलाओं के लिए योग प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अब प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में योग प्रशिक्षण की सुविधा शुरू की जा रही है, ताकि वार्ड की गर्भवती महिलाओं को अपने नजदीक योग प्रशिक्षण का लाभ मिल सके। राजधानी रायपुर के खोखो पारा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में शनिवार को एमआईसी सदस्य जितेंद्र अग्रवाल, डॉक्टर स्मृति देवांगन और जोन कमिश्नर विमल गुप्ता की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर निगम जोन 5 क्षेत्र के महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में गर्भवती महिलाओं के लिए योग प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर महिलाओं को योग की खूबियों से अवगत कराया गया। डॉक्टर, मितानिन दीदी और स्वास्थ्य कर्मचारियों की मौजूदगी में हुए




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्षद जितेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि अब तक वार्ड में गर्भवती महिलाओं के लिए योग प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। एक अरसे से इसकी कमी महसूस की जा रही थी। स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम के सहयोग से खोखो पारा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में अब यह सुविधा गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क मिलने लगेगी। जल्द ही यहां सोनोग्राफी मशीन और एक्सरे मशीन का भी शुभारंभ किया जायेगा। इसके साथ ही दांत संबंधी परेशानियों का निदान करने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में दंत चिकित्सक उपलब्ध कराया जायेगा।

## महादेवघाट पुल के पास सीवरेज लाइन फटने की शिकायत के बाद लिया संज्ञान

**अमृत मिशन और पीएचई के अधिकारियों ने समन्वय से किया काम**

# खारुन में सीवरेज का गंदा पानी जाने से रोकने निगम ने पुराने चैंबर को किया बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- इससे महादेवघाट पुल के पास खारुन नदी से गुजरने वाली सीवरेज लाइन लीकेज की समस्या नहीं होगी

शहर की लाइफ लाइन कहे जाने वाली खारुन नदी अब सीवरेज के गंदा पानी से मैली नहीं होगी। अमृत मिशन के अधिकारियों ने पीएचई के साथ मिलकर खारुन पैलेस के पास पीएचई के फूटे पुराने चैंबर को बंद कर दिया है। इससे महादेवघाट पुल के पास खारुन नदी से गुजरने वाली सीवरेज लाइन लीकेज की समस्या नहीं होगी। दरअसल, पीएचई के पुराने



जर्जर चैंबर से गटर का लाखों लीटर गंदा पानी खारुन नदी में मिलने से आम जनता की सेहत दांव पर लगी शीर्षक से खबर को हरिभूमि ने 30 मई के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया। इसकी जानकारी होते ही नगर निगम प्रशासन हरकत में आया और अमृत मिशन के अधिकारी पीएचई के अधिकारियों के साथ स्पॉट पर गये। वहां उन्होंने महादेवघाट पुल के पास गुजरने वाली सीवरेज लाइन लीकेज की पड़ताल की। जांच के दौरान पता चला कि पीएचई के पुराने जर्जर चैंबर से गटर का गंदा पानी खारुन में तेज प्रवाह के साथ मिल रहा है। इस पुराने चैंबर को बंद करा दिया गया है। इससे अब जीवनदायिनी खारुन नदी दूषित नहीं होगी।

### चैंबर को बंद कराया


खारुन नदी में सीवरेज का गंदा पानी पुराने चैंबर से बहकर जा रहा था। पीएचई का यह चैंबर डेड होने के साथ ही उसका उपयोग नहीं हो रहा है। इसके ऊपर से नई पाइप लाइन गुजर कर गई है। इसीलिए पुराने चैंबर को बंद कराया गया है। अब खारुन नदी में सीवरेज का पानी नहीं जाएगा।

**- अंशुल शर्मा,** नोडल अधिकारी अमृत मिशन प्रोजेक्ट, नगर निगम रायपुर

# कारोबारियों की हत्या करने आए शूटरों से पुलिस को कोई खास जानकारी नहीं मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कांट्रैक्टर की हत्या करने आए शूटरों से पुलिस कोई खास जानकारी नहीं जुटा पाई है। पुलिस ने कारोबारियों की हत्या करने की नीयत से आए जिन चार शूटरों को गिरफ्तार कर पूछताछ करने रिमांड पर लिया था, उनकी रविवार को रिमांड अवधि पूरी हो रही है। पुलिस के अनुसार शूटरों की और रिमांड की मांग नहीं की जाएगी। इस लिहाज से कोर्ट के आदेश के बाद शूटरों को जेल दाखिल कर दिया जाएगा। पुलिस के अनुसार लारेंस विश्नोई तथा मलेशिया में बैठे गैंगस्टर मयंक सिंह के लिए काम करने वाले बदमाश हार्डकोर क्रिमिनल हैं। पुलिस ने बदमाशों को हर एंगल से तोड़ने की कोशिश की, लेकिन बदमाश नहीं टूटे और अपने स्टैंड पर कायम रहे। पुलिस


बदमाशों को एक-दूसरे से पहचान के लिए मिला था कोड नेम
मलेशिया से मारने का आदेश, बाइक राइडर बनकर शूटर पहुंचे थे रायपुर, उगाही के लिए था पूरा खेल
पकड़े जाने पर राम-राम, जय माता दी, 29-29 कोड

को शूटरों ने पूछताछ में पहले जो जानकारी दी थी, शूटर अपने उस बयान में आखिरी समय तक अड़े रहे। रोहित ने इंदौर में किसके पास से पिस्टल खरीदी, उसके बारे में जानकारी जुटाकर पकड़ने पुलिस की एक टीम इंदौर रवाना की गई है। घटना के बाद कुछ मीडिया संस्थान को मेल कर कारोबारियों की हत्या करने की चेतावनी दी गई है। सायबर सेल की टीम उस मेल के बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है कि मेल किस आईपी एड्रेस से भेजा गया है।

### पुलिस की जांच रोहित पर टिकी

पुलिस ने रायपुर तथा राजस्थान से जिन चार शूटरों को पकड़ा है, उनमें पप्पू सिंह को पुलिस ने राजस्थान से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार कारोबारियों की हत्या के लिए सुपारी लेने वालों में पप्पू तथा रोहित स्वर्णकार मास्टर माइंड हैं। घटना को अंजाम देने आया रोहित ने पूर्व में रायपुर में रहकर डेढ़ माह रैकी की है। रोहित के रायपुर में रहने के दौरान वह किन लोगों के संपर्क में था, इस बारे में जानकारी जुटाने पुलिस, रोहित की सीडीआर की जांच कर रही है। सीडीआर की जांच में मिले तथ्यों के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई निर्धारित करेगी।

## खबर संक्षेप

### विशेष लोक अदालत का आयोजन 29 जुलाई से

**दुर्ग।** उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में 29 जुलाई से 3 अगस्त तक विशेष लोक अदालत का आयोजन अखिल भारतीय स्तर पर किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष लंबित प्रकरणों को चिन्हांकित करते हुए लंबित प्रकरणों के अधिकाधिक संख्या में निराकरण का प्रयास किया जाना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के सचिव आशीष डहरिया से मिली जानकारी अनुसार माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आयोजित उक्त विशेष लोक अदालत हेतु छत्तीसगढ़ राज्य से संबंधित ऐसे मामले जो माननीय उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित है, की सूची में दुर्ग जिले से संबंधित कुल 22 प्रकरणों को निराकृत किये जाने हेतु चिन्हांकित किया गया है। विशेष लोक अदालत हेतु चिन्हांकित प्रकरणों हेतु प्री-सीटिंग, जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग में आयोजित की जा रही है। जिसमें वरिष्ठतम न्यायाधीश द्वारा प्रकरण के उभयपक्षों के मध्य आपसी सहमति से राजीनामा का प्रयास किया जाएगा। चिन्हांकित प्रकरणों के निराकरण हेतु आयोजित प्री-सीटिंग हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग की ओर से पक्षकारों को प्री-सीटिंग में उपस्थित होने सूचना भेजी जा रही है।

### अब आंगनबाड़ी का समय सुबह 07 से 09 बजे तक

**दुर्ग।** भीषण गर्मी के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन के समय में परिवर्तन किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन महिला बाल विकास विभाग द्वारा सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन का समय सुबह 7 से 9 बजे तक किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। ज्ञात हो कि वर्तमान में आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन की अवधि 4 घण्टे सुबह 7 से 11 बजे है। जिसे आदेशानुसार अब घटाकर 2 घण्टे सुबह 7 से 9 बजे किया जाएगा। गर्मी कम होते ही पुनः 1 जुलाई तक आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन सुबह 7 से 11 बजे कर दिया जाएगा। 1 जुलाई के पश्चात आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन का समय यथावत 9.30 बजे से 3.30 बजे तक कर दिया जायेगा।


### ईटीपीबीएस से अब तक मिले 938 डाक मतपत्र

**दुर्ग।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 7 दुर्ग के अंतर्गत सैन्य एवं केन्द्रीय सशस्त्र सेवाओं में तैनात सेवा मतदाताओं से ईटीपीबीएस के माध्यम से डाक मतपत्र मुख्य जिला दुर्ग को 31 मई तक 933 डाक मतपत्र प्राप्त हुये थे। 1 जून को 5 डाक मतपत्र प्राप्त हुए है। 1 जून की स्थिति में कुल 938 डाक मतपत्र प्राप्त हुए है।

## निधन

### रामकुमार वर्मा

**बेमेतरा/कोदवा।** देऊरगाँव के प्रतिष्ठित कृषक रामकुमार वर्मा



(80वर्ष) का 1 जून को निधन हो गया। वे 35 वर्षों से लगातार मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़ के कार्यकारिणी सदस्य रहे। उनका अंतिम संस्कार ग्राम देऊरगाँव में किया गया। वे देऊरगाँव के पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनिल वर्मा के पिता जी थे।

# गांव में भी स्वच्छता की अलख, 377 गांव में हो रहा कचरा कलेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

स्वच्छ भारत मिशन की राह पर न सिर्फ शहर बल्कि गांव में आगे बढता दिख रहा है।

जिले के कुल तीन सौ ग्राम पंचायत में से 377 गांव में महिला समूह ट्राईसाईकल लेकर कचरा कलेक्शन करने निकल रही है। इन ग्राम पंचायतों में दो-दो ट्राईसाईकल उपलब्ध कराया गया है। जिसके जरिए महिलाएं अब गांव को भी स्वच्छता की ओर ले जाने महती भूमिका निभा रही है।

मिली जानकारी अनुसार जिले के 381 ग्राम पंचायत में करीब 70 गांव में स्वच्छता कर (टैक्स) लेने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। अफसरों ने बताया कि, शुरूआत में एक माह का दस रूपए लिए जा रहे है, वहीं दुकान व बाजार के लिए अलग-अलग दर निर्धारित किए गए है।

अफसरों ने बताया कि, पन्द्रवे वित्त एवं अन्य मद से स्वच्छाग्राही को मानदेय भुगतान किया जा रहा हैं। इसमें करीब 98 गांव हैं, जिन्हें मानदेय का भुगतान किया जा रहा है। इसमें महिला समूह कचरा कलेक्शन कर रही है, वही वसूली का जिम्मा ग्राम पंचायत की है। समूह की महिलाओं को मानदेय ग्राम पंचायत द्वारा दिया जा रहा है। इसमें दो हजार से छः हजार तक मानदेय दिया जा रहा है।

### महिला समूहों की भागीदारी से ग्रामीणों ने किया स्वच्छता की ओर पहल

**खास बातें**

- तीनों ब्लाको में डोर टू डोर शुरू कचरा कलेक्शन
- मानदेय की समस्या के चलते कई गांव में परेशानी
- पन्द्रवे वित्त के तहत भुगतान का किया गया प्रावधान

#### इन गांव में हो रहा बेहतर संचालन

जानकारी अनुसार जिले के नगपुरा, रिसामा, कुथरेल, पौव्वारा, अंजोरा, पाटन, पतोरा और घुघवा व फुंडा जैसे ग्राम पंचायत में कचरा कलेक्शन का बेहतर काम हो रहा हैं। इन गांव में महिला समूह द्वारा कचरा कलेक्शन का कार्य किया जा रहा है। जिले में 381 ग्राम पंचायत में दो-दो ट्राईसाइकिल दिया जा चुका है।



#### नेशनल ट्रिब्यूनल विभाग देगी दस्तक

बताया जा रहा है कि, आगामी दिनों दिल्ली से राष्ट्रीय हरित अभिकरण की टीम छग में दस्तक देगी। इस दौरान ट्रिब्यूनल की टीम कही पर भी जांच के लिए पहुंच सकती है। उल्लेखनीय है कि, खामियां मिलने पर टीम बडी कार्यवाही कर सकती है। यही कारण है कि जिला प्रशासन गांव गांव में स्वच्छता अभियान की अलग जगाले में जूटा हुआ है।

## योजना : निजी दुकानों से करना पड़ रहा पूरा भुगतान, किसान परेशान

# किसानों को नहीं मिल रहा कृषि यंत्रों में सब्सिडी का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

केन्द्र और राज्य सरकार के प्रवर्तित योजना का लाभ किसानों को नही मिल पा रहा है। पिछले दो साल से किसानों के कृषि यंत्र खरीदने सब्सिडी का लाभ नही मिल पा रहा है। लगातार किसान योजना को लेकर राज्य शासन से गुहार लगा चुके है। लेकिन सुनवाई नही हो रही है। बहरहाल खरीफ सीजन सामने है, ऐसे में इस बार भी किसानों को योजना का लाभ अब तक मिलता नही दिख रहा है।

जानकारी अनुसार कृषि विभाग का कहना है कि, चैप्स योजना को लेकर राज्य स्तर से कोई टारगेट नही दिया जा रहा है। वहीं उच्च अधिकारियों का कहना है कि, राज्य और केन्द्र से बजट उपलब्ध नही कराए जाने के कारण सब्सिडी किसानों को नही मिल रही है। ऐसे में मजबूर किसान बाजार में पूरा राशि देकर मशीन खरीद रहे है। उल्लेखनीय है कि, बीते खरीफ सीजन में चैंप्स योजना के तहत यंत्र खरीदने पोर्टल की शुरूआत नही की गई। किसान खरीफ सीजन से वंचित हो गए, वही रबि में भी अब तक योजना की शुरूआत नही की गई है। जिसके चलते किसान सब्सिडी वाली यंत्र खरीदने से वंचित हो गए है।

### हर साल 35 हजार किसान लेते हैं प्रदेशभर में लाभ

#### राज्य का शेयर नहीं किया गया जमा

चैप्स योजना के तहत पिछले दो साल की राशि राज्य शासन द्वारा प्रदान कंपनी को भुगतान नही की गई है। जानकारी अनुसार केन्द्र द्वारा तैंतीस फीसदी राशि कंपनियों को भुगतान की गई है। लेकिन राज्य द्वारा बाईस फीसदी राशि करीब 58 करोड रूपए रोक दिया गया है। माना जा रहा हैं कि, इसी कारण कंपनियां भी रूचि नही दिखा रही है।



#### आवेदन नहीं कर पा रहे किसान

वर्ष 2023-24 के लिए राज्य के कृषि महकमा द्वारा प्रदेश के किसी भी जिले में टारगेट नही दिया गया है। टारगेट नही दिए जाने से प्रदेशभर के अफसर संशय में है। इधर चैप्स में पंजीकृत कंपनियों का कहना हैं कि, टारगेट नही मिलने के साथ पोर्टल की शुरूआत नही करने से किसान आवेदन नही दे पा रहे है। ऐसे में रबि सीजन 2024-25 भी अटक गया है।

#### वर्ष 2022 के बाद पोर्टल शुरू नहीं

मिली जानकारी अनुसार प्रदेशभर में वर्ष 2022 में 35 हजार से अधिक किसानों को कृषि यंत्रों की सुविधा प्रदान की गई थी। इन किसानों को ड्रीप और स्प्रिंकलर में कोटेशन राशि 143 करोड दो लाख 43 हजार रूपए की लागत से यंत्र उपलब्ध कराए गए है। इसमें 33 फीसदी केन्द्र और राज्य द्वारा 22 फीसदी छूट दी गई थी। लेकिन इस बार चैंप्स (छत्तीसगढ़ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन एंड माइक्रो एरिगेशन मॉनिटरिंग प्रॉसेस पोर्टल) ही शुरू नही किया गया है। ऐसे में 55 फीसदी सब्सिडी वाली ड्रीप और स्पिंकलर पाइप नही मिल पा रही है।

#### मिल रही लगातार शिकायतें

चैंप्स योजना को लेकर विगत दिनों जनपद पंचायत की बैठक में उद्यानिकी विभाग द्वारा किसानों से पन्द्रह से बीस हजार रूपए लिए जाने की बात सामने आई थी। योजना में सिर्फ आनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया है। लेकिन विभाग द्वारा किसानों से राशि लेकर आफलाइन आवेदन भराए गए। यह आरोप सभापति राकेश हिरवानी द्वारा उठाया गया था। लेकिन अब तक मामले की जांच नही की गई है।

# बगैर अनुमति के हो रहा खाद का भंडारण, थमाया नोटिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

खरीफ सीजन के पहले निजी दुकान संचालको की मनमानी चरम पर है। खाद का भंडारण करने अनुमति लिए बगैर स्टाक रखा जा रहा है। यही नहीं अवैध तरीके से खाद भंडारण कर किसानों के बजाय कोचियों को ट्रको ट्रक माल बेचा जा रहा है। जबकि यहां सोसायटियों में टारगेट के मुकाबले खाद का भंडारण सिर्फ पचास फीसदी ही की गई है।

- रिकार्ड में दुरूस्त नहीं, थमाई नोटिस

विकासखंड दुर्ग के जलाराम एग्रोटेक, गंजमण्डी कॉम्प्लेक्स, धमधा रोड दुर्ग का जिला उर्वरक निरीक्षक किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान के अनुज्ञप्ति पत्र, समस्त दस्तावेज स्कंध पंजी, बिल बुक, प्रतिष्ठान में विक्रय हेतु उपलब्ध उर्वरकों का अवलोकन किया गया, जहां बिना स्त्रोत प्रमाण पत्र उर्वरक का भण्डारण किये जाने के कारण, रिकार्ड संधारण नहीं होने व मासिक रिपोर्ट नहीं दिये जाने के कारण, उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के खण्ड 4, 8(3), 8(4), 35 1(ए) एवं 35 1(बी) का उल्लंघन पाये जाने पर जब्ती एवं सुपुर्दुगी की कार्यवाही की गई है। तीनों संबंधित संस्थान को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण के लिये 7 दिवस का समय दिया गया है।

#### पन्द्रह दिन बाद करेगें निरीक्षण

जवाब समय पर प्राप्त नहीं होने की स्थिति में संबंधित के विरूद्ध उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के अंतर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। आगामी 15 दिवस के भीतर निजी एवं सहकारी प्रतिष्ठानों का शत-प्रतिशत निरीक्षण किया जाना प्रस्तावित है ताकि कृषकों को गुणवत्तायुक्त उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक दवाई की उपलब्धता करायी जा सके।

# गया नगर में उत्पाती बंदर का वन विभाग ने किया रेस्क्यू



**दुर्ग।** विगत एक सप्ताह से गया नगर वार्ड 4 के विभिन्न घरों में घुसकर उत्पाद मचाने वाले बंदर को आज वन विभाग द्वारा रेस्क्यू कर पकड़ा गया। जानकारी के अनुसार अपने झुंड से बिछड़े बंदरों में से 2 बंदर कुछ दिनो से उत्पात मचा रखा था। आए दिन किसी भी घर में घुसकर किचन की सामग्री खा जाना या घर में मौजूद लोगों पर हमला करने को कोशिश से लोगों में दशहत हो गया था। जिसकी लगातार शिकायत मिल रही थी किंतु आज सुबह उक्त उत्पाति बंदर गली नंबर 4 स्थित युगल किशोर तुरतुरिया नाम के एक परिवार के घर घुस गया। जिससे भयभीत परिवार के पूरे सदस्य चार घंटा बंधक के रूप में घर के अंदर कैद हो गए। इस दौरान मुहल्ले वासियों ने इसकी जानकारी वार्ड की पार्षद लीना दिनेश देवांगन को सूचना दिया और अपने स्तर पर भी घर के आंगन में घुसे बंदर को भागने की चेष्टा की किंतु सफल नहीं होने बाहर से घर की गेट बंद कर दिया गया। वन विभाग की रेस्क्यू दल द्वारा जाल के माध्यम से बंदर को पड़कर मैत्री गार्डन ले जाया गया।

## सेवानिवृत्त के 145 प्रकरण पर पेंशन ग्रेच्युटी भुगतान आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग संभाग अंतर्गत 7 जिलों के विभिन्न आहरण अधिकारियों से सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के 201 पेंशन प्रकरण प्राप्त हुए। जिसमें से 145 प्रकरण पर पेंशन ग्रेच्युटी भुगतान आदेश जारी किया गया। 45 प्रकरण 31 मई को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का है। छत्तीसगढ़ राज्य के सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों को शासन के सेवानिवृत्ति लाभ के अंतर्गत पेंशन एवं ग्रेच्युटी का भुगतान संचालनालय पेंशन एवं भविष्य निधि के अधीन संचालित संभागीय कोष लेखा पेंशन कार्यालय द्वारा किया जाता है। विगत दो माह से संचालक, पेंशन एवं भविष्य निधि महादेव कावरे आईएएस द्वारा प्रति सप्ताह शुक्रवार को विडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से राज्य के सभी संयुक्त संचालकों को पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण की समीक्षा की जाती है। समीक्षा के दौरान दिये गये निर्देश के तहत तकनीकी समस्याओं से संबंधित समाधान डॉ एके सिंह अपर संचालक संचालनालय के नेतृत्व में टीम द्वारा किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा डॉ दिवाकर सिंह राठौर ने बताया कि संचालक के निर्देशन व मार्गदर्शन में प्रदेश में पेंशन प्रकरणों के निराकरण में उल्लेखनीय गति आई है। जिसका परिणाम है कि 31 मई को सेवानिवृत्त होने वाले 45 शासकीय सेवकों को पेंशन एवं ग्रेच्युटी भुगतान आदेश जारी किया जाकर वित्त विभाग के निर्देशानुसार दुर्ग संभाग में सेवाओं का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है।

# विधायक, महापौर ने डबरी तालाब की सफाई के जरिए दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम द्वारा कैच द रेन फाइट द बाइट अभियान चलाया। इस दौरान वार्ड क्रमांक 59 स्थित सतनामी पारा के निकट डबरी तालाब की सफाई के लिए विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने तालाब में उतरकर सफाई की शुरुआत कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। सफाई के बाद तालाब के चारों ओर पौधरोपण किया जाएगा।

- बारिश का पानी सहेजने किया जा रहा जतन

मौके पर आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, पार्षद शिवेंद्र परिहार, दीपक साहू, भोला महोविया, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद, करण करोसिया, कुणाल, राहुल, सफाई दरोगा प्रदीप सोनी के



अलावा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व नागरिकों सहित निगम अमला मौजूद रहे। विधायक एवं महापौर ने वार्ड के लोगों से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील करते हुए कहा कि अपने घर के साथ-साथ आसपास की भी नियमित रूप से सफाई करनी चाहिए। तालाबों एवं नालियों में कचरा न डालें। महापौर धीरज बाकलीवाल अपने जन्मदिन पर सुबह कातुलबोड़ पहुंचकर डबरी तालाब की सफाई कर श्रमदान किया। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने बताया कि अभियान का उद्देश्य जन सहभागिता विशेष कर नागरिकों समाजसेवी एवं युवाओं को जोड़कर साफ-सफाई के प्रति जागरूक करना है। यह अभियान लगातार जारी रहेगा। इस दौरान विधायक गजेंद्र यादवएमहापौर धीरज बाकलीवाल ने तालाब के आस-पास लगी हुई झाड़ियों की कटिंग आदि करने के निर्देश दिये। नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा डबरी तालाब में विगत 2.3 दिनों से प्रतिदिन सफाई अभियान कार्य प्रगति पर है।

## बेहतर कार्यशैली के लिए पिछले वर्ष पीएम ने की प्रशंसा

# मेजर राव का भिलाई में हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

देश की सीमाओं पर अपनी जान हथेली पर रखकर भारतवर्ष तथा भारतीयों की रक्षा करने वाले वीर जवानों का अपने सेवाकल को पूरा कर लौटना एक नए जीवन मिलने के बराबर होता है। सेना में सेवा देने वाले के परिवार वालों में हमेशा एक डर रहता है, कहीं सीमा पर तैनात हमारा अपना बेटा, पिता, पति किसी दुश्मन की गोली का शिकार ना हो जाए।

लेकिन वहीं सैनिक जब अपनी सेवाएं पूरी कर अपने घर वापस लौटता है तो परिवार, दोस्त, संबंधी, नाते-रिश्तेदारों की खुशियों को



ठिकाना ही नहीं रहता है। आज ऐसा ही माहौल शनिवार दोपहर को भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन में उस वक्त नजर आया जब भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुए सूबेदार मेजर एमएस राव जोन-3 खुर्सीपार भिलाई निवासी ने शहर की जमीन पर अपने कदम रखें। उनके कदम रखते ही परिवार व समाज के लोगों ने फूल-मालाओं से उनका जबरदस्त स्वागत किया गया। वहीं ढोल-नगाड़े के गूंज गूंजती रही स्टेशन परिसर पर समाज सेवी वी वायकुंठ राव ने बताया कि सूबेदार मेजर एम एस राव ने वर्ष 1994 में भारतीय सेना ज्वाइन की थी। उन्होंने भारतीय सेना में कई प्रशस्ति पत्र भी प्राप्त किया है। एमएस राव ने आपरेशन स्टार ,आपरेशन विजय सहित कारगिल युद्ध में भी भाग लिया लेह लद्दाख सहित विभिन्न जगह पर अपनी कड़ी मेहनत के साथ ड्यूटी दिया बेहतर कार्यशैली के लिए पिछले वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रशंसा भी प्राप्त किया। सैनिक के सकुशल सेवानिवृत्त होकर भिलाई लौटने पर परिवार व सामाजिक लोगों ने ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया। सूबेदार मेजर एमएस राव ने सामाजिक मित्रों का आभार जताते हुए अपने सेना के अनुभवों को सबसे के साथ साझा किया तथा भिलाई के नौजवानों से भारतीय सेना में जाकर भारत माता की सेवा करने के लिए प्रेरित किया।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2025 हेतु आवेदन आमंत्रित

**दुर्ग।** भारत सरकारए महिला एवं बाल विकास मंत्रालयए नई दिल्ली के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2025 के लिए ऑनलाईन आवेदन वेबसाईट में 31 जुलाई तक लिये जाएंगे। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित कराने हेतु प्रतिवर्ष भारत सरकार, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किया जाता है। उक्त पुरस्कार हेतु जो बच्चें बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण के क्षेत्र में असाधारण पहचान हासिल की है तथा कला एवं संस्कृति और नवाचार जो राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता के पात्र है। यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष जनवरी में आयोजित होने वाले एक विशेष समारोह में राष्ट्रपति द्वारा नई दिल्ली में दिया जाता है। इस पुरुस्कार में एक पदक, प्रमाण-पत्र और प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। उक्त अवार्ड हेतु योग्यता रखने वाले बच्चें अपना ऑनलाईन आवेदन पंजीयन हेतु आवेदन पत्र 31 जुलाई 2024 तक वेबसाईट में अपलोड कर सकते हैं।

Health Town

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

**खबर संक्षेप**

### विवाद के बाद ससुर ने लगाई आग, गंभीर

**भिलाई।** बहु से विवाद के बाद ससुर ने अग्नि सनान करने का मामला सामने आया है। ससुर को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। मिली जानकारी के मुताबिक 1 जून सुबह 9:30 बजे जामुल विश्वकर्मा चौक जहां पर नरेंद्र पांडे नाम के वृद्ध ने अपने शरीर पर डीजल उडेंलकर अग्नि स्नान कर लिया। घटना के समय बहु माधुरी पांडे घर पर थी। माधुरी पांडे ने बताया कि 5 -6 दिन पहले से उनके और उनके सास ससुर के बीच अनबन चल रही थी। माधुरी पांडे ने बताया कि उनके पति के निधन के बाद अपने देवर से शादी कर ली थी। जिसे लेकर उनके साथ ससुर से हर रोज विवाद होता रहता था। पुलिस से सहायता भी ली गई थी। एक महीने के वार्निंग के बाद अलग-अलग रहने की बात आई थी। पिछले 6 से 7 दिनों से माधुरी के साथ ससुर घर से बाहर थे अचानक ससुर आते हैं। घर में रखा फ्रिज खोलते हैं फ्रिज खोलने के बाद उसमें मौजूद सामान देखते हैं। उसके बाद जब उनकी बहू झाड़ू लगाने के लिए दूसरे कमरे में जाती है। तब ससुर खुद पर डीजल उडेंलकर आग लगा लिया। माधुरी ने बताया कि घटना के बाद तुरंत उन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुचाया गया। जहां गंभीरता को देखते हुए ससुर को जिला अस्पताल रेफर किया गया। फिलहाल नरेंद्र पांडे 75 प्रतिशत झुलसने से स्थिति गंभीर बनी हुई है। जामुल पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### बाल गृह से भागा बालक मिला

**भिलाई।** बाल गृग दुर्ग से एक अपचारी बालक फिर फरार हो गया था। जिसकी उम्र 13 साल है। जब वार्डन से पूछताछ करने पर उसने बताया कि सभी बालक यहीं है। लेकिन फरार बालक की फोटो दिखाने पर वार्डन कुछ भी नहीं बोल पाया। मिली जानकारी के मुताबिक बीती रात दुर्ग रेलवे स्टेशन के पास एक अपचारी बालक को देखा गया। बालक ने बताया कि वो शासकीय बाल गृह में रहता है और पढ़ाई करता है। बालक रात दो बजे बाल गृह से भाग कर स्टेशन में भटक रहा था। जिसकी सूचना पदमनाभपुर पुलिस को दी गई। मौके पर पहुची पुलिस की टीम ने बालक को शासकीय बाल गृह दुर्ग छोडा गया। बालक के भागने तक की जानकारी यहां की अधीक्षिका तक को नहीं थी। जब एनएसयूआई के टीम ने बालक का फोटो दिखाया तो अधीक्षिका हड़बड़ा गई। बाल गृह से भागे बच्चे ने पूछने पर बताया कि उसके पिता नहीं हैं। एक अपराध के चलते उसके पापा ही उसे यहां छोड़कर चार साल बहले गए थे। यहां उसे हॉस्टल में बाकी बच्चे काफी चिढ़ाते थे। उसने इसके बारे में कई बार वहां के स्टाफ और अधीक्षिका से शिकायत की थी।


### गुंडागर्दी करने वालों का निकला जुलूस

**भिलाई।** कमरे में बंद कर युवक को बंधक बनाकर मारपीट कर वीडियों वायरल करने वाले दो युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं एक युवक को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि भाठापारा उमदा निवासी युवराज ठाकुर की शिकायत के बाद पुलिस हरकत में आते हुए आरोपी शुभम नंदी, आयुष तिवारी, लक्की ठाकुर के खिलाफ अपराध कायम किया। तीनों युवकों ने बिजली नगर कालोनी में स्थित खंडहर क्वाटर में पीड़ित को लेकर गए।

**परिणाम : कलेक्टर ने जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश, 5 जून तक रहेगा लागू**

# मतगणना कल, तैयारियां अंतिम चरण पर सुरक्षा व शांति के लिए धारा 144 लागू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए जारी कार्यक्रम के अनुसार 4 जून को लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना होगी। मतगणना के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं निर्वाचन प्रक्रिया तथा निर्वाचन निष्पक्ष एवं शांति पूर्ण ढंग से कराने के लिए अन्य उपायों के साथ-साथ प्रतिबंधात्मक उपाय किए जा रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, रणबीर शर्मा बेमेतरा दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 (1) एवं (2) के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं।

बेमेतरा राजस्व जिला के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का घातक अस्त्र-शस्त्र यथा बंदूक, खुखरी, रायफल, पिस्टल, रिवाल्वर, तलवार, चाकु, छुरा, कुल्हाड़ी, गुप्ती, त्रिशुल, भाला, बल्लम, बरछा, लाठी एवं अन्य प्रकार के घातक हथियार तथा विस्फोटक सामग्री लेकर किसी भी सार्वजनिक स्थान, आम सड़क/रास्ता, सार्वजनिक सभाओं एवं अन्य स्थानों पर नहीं चलेगा। कोई भी राजनीतिक दल या अभ्यर्थी या व्यक्ति सशस्त्र जुलूस नहीं निकालेगा और न ही आपत्तिजनक नारे लगायेगा और न ही आपत्तिजनक पोस्टर वितरित करेगा। यह आदेश उन शासकीय अधिकारियों/कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा, जिन्हें अपने कार्य के लिये लाठी या शस्त्र रखना आवश्यक है। यह आदेश उन शासकीय कर्मचारियों पर भी लागू नहीं होगा, जिन्हें चुनाव, मतगणना के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये पुलिस अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह आदेश उन व्यक्तियों पर भी लागू नहीं होगा, जिन्हें शारीरिक दुर्बलता, वृद्धावस्था तथा दिव्यांगता होने के कारण सहारे के रूप में लाठी रखना आवश्यक है।

बेमेतरा राजस्व जिला के अंतर्गत विनिर्दिष्ट मतगणना स्थल, तहसील, ब्लॉक/अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय/जिला कार्यालय (कलेक्टोरेट)/जिला पंचायत कार्यालय/संयुक्त जिला कार्यालय के परिसर के बाहर न तो भीड़ होगी, न धरना दिया जाएगा, और न ही नारेबाजी की जाएगी। बेमेतरा राजस्व जिला के अंतर्गत कोई भी राजनीतिक दल अथवा व्यक्ति द्वारा आमसभा,जुलूस आयोजित करने के पूर्व उसकी विधिवत लिखित सूचना कानून व्यवस्था से जुडे संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी /तहसीलदार को दिया जायेगा, तथा इस निमित्त अधिकृत अधिकारी से विधिवत लिखित अनुमति प्राप्त करने के उपरांत ही संबंधित राजनैतिक दल/व्यक्ति आमसभा, जुलूस का आयोजन कर सकेगा।

#### ध्वनि विस्तारक यंत्र पर प्रतिबंध

ताजा जारी आदेश में कहा गया कि कोई भी राजनीतिक दल या व्यक्ति बेमेतरा राजस्व जिला के अंतर्गत किसी भी धार्मिक संस्थान या उसके आस-पास न तो आमसभा का आयोजन करेगा, और न ही ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करेगा, न ही धार्मिक स्थानों का आमसभा जुलूस के लिये उपयोग करेगा।बेमेतरा राजस्व जिलें में किसी भी व्यक्ति अथवा राजनीतिक दल द्वारा बिना संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी/तहसीलदार की अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग, किसी प्रकार की नारेबाजी, प्रचार-प्रसार, विजय जुलूस कार्यक्रम एवं वक्तव्य का उद्घोष हेतु नहीं करेगा।

#### उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

इस आदेश का उल्लंघन यदि किसी व्यक्ति द्वारा किया जाना पाया जायेगा, तो यह भा.द.वि. 1860 की धारा-188 के अंतर्गत दण्डनीय होगा। प्रकरण की परिस्थितियों को देखते हुये इस आदेश के संबंध में संबंधितों को सूचना पत्र जारी कर सुनवाई सम्यक रूप से संभव नहीं है। अतः यह एकपक्षीय आदेश पारित किया जाता है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से जारी होने की स्थिति से लोकसभा निर्वाचन 2024 कार्य संपन्न होने तक की अवधि 5 जून तक के लिये जिले में प्रभावशील रहेगा।

## मतगणना केंद्र पहुंचे काउंटिंग ऑब्ज़र्वर शेट्टीनावर, व्यवस्थाओं का लिया जायज़ा

**सुरक्षा तथा पारदर्शिता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

**बेमेतरा।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत ज़िले की मतगणना की प्रक्रिया को सुनिश्चित करने के लिए काउंटिंग ऑब्ज़र्वर एसबी शेट्टीनावर (आईएएस) ने संपूर्ण व्यवस्था का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के मतगणना केंद्र पर पहुंचकर व्यवस्था देखी और सुरक्षा तथा पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सख्त उपाय अपनाने को कहा।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 07 दुर्ग अन्तर्गत बेमेतरा ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र 68 साजा, 69 बेमेतरा और 70 नवागढ़ के लिए मतगणना 4 जून को ज़िला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी में होगी। मतगणना सुबह 8 बजे से शुरू होगी। ऑब्ज़र्वर श्री शेट्टीनावर ने अधिकारियों से बातचीत के दौरान मतगणना की प्रत्येक प्रक्रिया का बारीकी से निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह सुनिश्चित करने को कहा कि सभी ईवीएम और वीवीपीएटी मशीनों की सही जांच की जाए और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से बचने के लिए सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया जाए। गर्मी को देखते हुए उन्होंने कहा कि



बिजली, पानी, इंटरनेट, मेडिकल टीम की पूरी तैयारी रहें। शार्ट सर्किट ना हो यह ध्यान रखा जाये।

उन्होंने इस दौरान स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था, मतगणना टेबल, मतगणना कार्य में संलग्न अधिकारी/कर्मचारियों की संख्या, मीडिया और राजनीतिक दलों के एजेंट की बैठक व्यवस्था आदि के संबंध में भी जानकारी ली। श्री शेट्टीनावर केंद्रों पर तैनात कर्मचारियों को मतगणना के दौरान उच्चतम स्तर की सतर्कता और निष्पक्षता बनाए रखने की सलाह दी। ऑब्ज़र्बर ने यह भी कहा कि मतगणना प्रक्रिया के दौरान मीडिया और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को हर संभव सहयोग दिया जाए ताकि प्रक्रिया की पारदर्शिता बनी रहे।

#### की गई त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था

कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने पूरी तैयारियों की जानकारी से अवगत कराया। मतगणना परिसर में निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप त्रि-स्तरीय सुरक्षा की गई है। कलेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि वर्तमान में भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुये मतगणना परिसर में आवश्यक जीवन रक्षक दवाईयों के साथ समुचित चिकित्सा व्यवस्था मय एम्बुलेंस सुनिश्चित करने के निर्देश ज़िला मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी को दिये है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा इस दौरान प्रत्येक विधानसभा में मतगणना कार्य के लिए लगाये गये सभी अधिकारी/कर्मचारियों को ठंडा पेयजल, नींबू पानी तथा ओआरएस की व्यवस्था भी की गयी है।

## सत्ता बदलते ही बदलने लगे राशन दुकान के संचालक, संरक्षण के लिए लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

- राशन दुकानदार व विक्रेता कल्याण संघ साजा ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



#### बर्खास्तगी प्रक्रिया पर लगाएं रोक : संतोष

अध्यक्ष संतोष पांडेय ने दुकानदारों के साथ मांग की है कि शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालकों को अब बर्खास्त करने की प्रक्रिया पर रोक लगाते हुए प्रशासन संरक्षण करने दें, ताकि दुकानदार अच्छे मनोदशा में कार्य कर सकें।

विधानसभा चुनाव के बाद सत्ता बदलते ही जिले में बड़े पैमाने पर सरकारी राशन दुकानों के संचालन में फेरबदल देखने में मिला है। जिसे लेकर राशन दुकानदारों ने राजनीतिक कूटरचना से प्रेरित बताते हुए अकारण आरोपी बनाकर बेदखली की कार्रवाई का आरोप प्रशासन पर लगाया है।

उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव के बाद जिले के तीनों विधानसभा बेमेतरा नवागढ़ एवं साजा में बड़ी संख्या में शासकीय राशन दुकानों की अचानक जांच कर मामूली खामियां निकालकर निलंबित करने की कार्रवाई की गई है, एकाएक इतनी बड़ी संख्या में दुकानदारों में बदली अनके सवालों को जन्म देता है। ऐसी फेर बदल से परेशान राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ साजा के सदस्यों ने साजा एसडीएम को शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालकों को राजनिति कुटरचना पर अकारण आरोपी बना कर बेदखली कार्रवाई पर रोक लगाते हुए संरक्षण करने के संबंध में ज्ञापन सौंपा है।

दुकानदारों का कहना है कि सालों शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हो रही है जिसमें अनेक दुकानदार अपना जीवन का बीता दिये है और अपने कार्य क्षेत्र के राशनकार्ड धारकों को बेहतर सुविधा देकर उपभोक्ता एवं विभाग का मान बढ़ाया है।

किसी को अभीतक दूकान संचालकों से नुकसान या छती नहीं हुई है। दुकानदारों ने आरोप लगाया कि विगत दिनों से राशन दुकान संचालकों पर दलगत राजनीति का तमगा लगा कर बेवजह दुकान का जांच कराई जा रही है। अनेक प्रकार का कमी निकाल कर बेदखली की कार्रवाई लगातार जारी है। अब तक बड़ी संख्या में दुकान हटा दिया गया है जबकि कुछ दुकानदार एक निश्चित दल के कुछ लोगों के मांग पुरा करने पर दुकानदार सुरक्षित हो जाता है। इस तरह विभाग इस गलत परंपरा पर चल कर पोषक बनने में सहायक होते दिखाई दे रही है जो अनुचित है।

## नियमितीकरण व वेतन वृद्धि के लिए संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी फिर आंदोलन की तैयारी में

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

- 5 जून के बाद मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री से करेंगे मुलाकात

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि एवं संविदा नियमितीकरण की मांग को लेकर फिर से आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के स्वास्थ्य कर्मी पिछले कई वर्षों से संविदा नियमितीकरण की माँग को लेकर आंदोलन करते आ रहे हैं।

तत्कालीन कांग्रेस की सरकार ने संविदा कर्मचारियों को नियमितीकरण की बात अपने घोषणा पत्र में कही थी, लेकिन पांच वर्षों में संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण नहीं किया गया जिसके कारण संविदा कर्मी कांग्रेस सरकार के खिलाफ हो गए थे, और सत्ता से हाथ धोना पड़। तत्कालीन कांग्रेस की सरकार ने संविदा कर्मचारियों को 27% वेतन वृद्धि देने की घोषणा की थी, जो आज भी छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के संविदा कर्मचारियों को अप्राप्त है। इससे कर्मचारियों में भारी आक्रोश है और वे अपनी मांगों को लेकर वर्तमान सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए फिर से रणनीति बना रहे हैं। संघ के पदाधिकारियों के अनुसार आचार संहिता लागू होने से पहले मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल से भेंट के दौरान छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के संविदा कर्मचारियों को लोकसभा चुनाव के बाद 27 प्रतिशत वेतन देने का आश्वासन दिया गया था। इसकी याद दिलाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मचारी फिर से रणनीति तैयार कर रहे हैं। हालांकि, कर्मचारियों का यह भी कहना है कि उन्हें वर्तमान विष्णुदेव साय एवं मोदी की गारंटी पर उन्हें पूरा विश्वास है, कि उनको नियमितीकरण एवं 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि का लाभ अवश्य मिलेगा।

#### भाजपा नेताओं ने किया था हड़ताल का समर्थन

उल्लेखनीय है कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार के खिलाफ संविदा कर्मचारियों ने एक महीने से अधिक समय तक हड़ताल की थी। उस समय तूता रायपुर में पहुंचकर वर्तमान उपमुख्यमंत्री एवं तत्कालीन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, वर्तमान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, केदार कश्यप सहित भाजपा के तमाम बड़े नेताओं ने संविदा कर्मचारियों के आंदोलन का समर्थन किया था और भाजपा सरकार आने पर 100 दिन के अंदर कमेटी बनाकर उनके नियमितीकरण एवं 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि की बात कही थी। कर्मचारी संगठन ने बताया कि सौ दिन के अंदर कमेटी तो बन गई है, लेकिन निर्णय आना बाकी है। संविदा कर्मचारियों ने कहा कि लगातार विभिन्न मंच में अपनी मांगों को लेकर आवेदन निवेदन कर रहे हैं और बात नहीं बनी तो 5 जून के बाद आंदोलन की राह में जाने की तैयारी भी कर रहे हैं।

**ठेकेदारों की मनमानी और अधिकारियों की अनदेखी से सड़कें बर्बाद, नालियां खस्ताहाल**

## नल-जल योजना के अधूरे कार्यों ने बढ़ाई ग्रामीणों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

शासन-प्रशासन द्वारा ज़िलेभर में ग्रामीण इलाकों में नल-जल योजना अंतर्गत पानी टन्की एवं पाइपलाइन विस्तार का कार्य जोरों पर हैं। वहीं, इस कार्य के लिए ठेकेदारों द्वारा गाँव की सुंदर सड़क मनमानीपूर्वक काम को अंजाम देते हुए काफी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इस योजना के चक्कर मे प्रभावित गाँव की नाली-निकासी व्यवस्था भी चरमराने लगी है। इसके बावजूद ठेकेदार की इस करतूत पर प्रशासन के जिम्मेदार आला अधिकारी मौन साधकर ऐसे हरकतों को बढ़ावा दे रहे है।बताया जा रहा है कि गाँवों में पाइपलाइन बिछाने के नाम पर पक्की सड़क को बेतरतीब ढंग से खोदकर खुला छोड़ दिया जाता है या मिट्टी डालकर ठेकेदार रफू



चक्कर हो जाते हैं। वहीं, कहीं से नाली-निकासी व्यवस्था डैमेज होने के कारण बस्तियों का गन्दा पानी सड़क के पाइपलाइन के गड्ढे जाकर में भर जाता है, जो बाद में नालियो में तब्दील हो जाता है जिससे गाँव की स्थानीय आवागमन व निकासी व्यवस्था पर बड़ा असर पड़ता है। इस गतिविधि से ज़िले के ज्यादातर ग्राम पंचायतों के सरपँच व जनप्रतिनिधिगण काफी नाराज व परेशान है। वही गाँव की आम जनता में आक्रोश फैलने लगा है। सरकारी योजना के कार्य को पूरा करने के लिए ठेकेदारों की मनमानी चल रही है सड़क खोदकर उसे पुनः पक्की कंक्रीट से नहीं भरा जा रहा है जो ग्रामीण लोगों के लिए मुसीबत का सबब बन रहा है।

#### बरसात में बढ़ जाएगी समस्या

साजा विकासखण्ड के पिपरिया पंचायत की ताजा तस्वीर पर स्थानीय ग्रामीण सन्तोष वर्मा का कहना है कि इस तरह अधूरे कार्य से बरसात के बाद स्थिति काफी बदल जाएगी। सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे बन जायेंगे जो आने-जाने में काफी परेशानी बढ़ा देगा। वहीं, सड़कों पर कीचड़ व दलदल फैलेगा। इससे पंचायत की समस्या काफी बढ़ जाएगी।

#### जनप्रतिनिधियों पर दबाव

वहीं, बेरला विकासखण्ड के मोहभट्ठा सरपँच भूषण पाल ने बताया कि गाँव में शासकीय कार्य के ऐसे क्रियान्वयन से जनप्रतिनिधियों पर काफी दबाव व असर पड़ता है। ठेकेदार पैसा बचाने के चक्कर मे अपना कार्य अधूरा करके निकल जाते है और पंचायत के लिए नई समस्या पैदा हो जाती है। सड़क व नाली की दुर्दशा पर ग्रामीण स्थानीय पंचायत को दोष देते है जिसका खामियाजा जनप्रतिनिधियों को भुगतना पड़ रहा है।

#### अफसरों का नियंत्रण नहीं

उधर, नवागढ़ विकासखण्ड के नारायणपुर के ग्रामीण अमित कुमार बघेल का कहना है कि ठेकेदारों की मनमानी पर अफसरों का नियंत्रण नहीं होता। इसके कारण न तो वे ध्यान देते और न ही कोई कार्रवाई की जाती। इससे कार्यों में सामान्यतः ऐसी मनमानी व लापरवाही का दिखना आम बात हो गया है।

